Class – X

Hindi – II

# सूचना-लेखन

→ सूचना लेखन के विषय में सामान्य जानकारी :–
कम से कम शब्दों में महत्वपूर्ण जानकारियों को जनता तक पहुँचाने के लिए सूचनाओं का इस्तेमाल किया जाता है।

- सूचना की शैली (विधि, ढंग) औपचारिक होती है।
- अंग्रेजी में सूचना को Notice कहते हैं। सूचनाएँ व्यक्तिगत रूप में भी दी जा सकती हैं, पर समाचार-पत्रों में भी उन्हें जनसामान्य के लिए प्रायः प्रकाशित कराया जाता है।
- सूचनाओं को कभी-कभी दीवारों पर पोस्टर्स के रूप में तथा सूचनापट्टों पर ऐसे सार्वजनिक स्थलों पर लगा दी जाती हैं, जिससे इनको आम आदमी आसानी से पढ़ सके।

इस तरह सूचना-लेखन वह गतिविधि है, जिसके माध्यम से कोई विशिष्ट जानकारी जनसामान्य तक पहुँचाई जाती है।

## सूचनाओं के प्रकार

→ सूचनाएँ अनेक प्रकार की होती हैं; जैसे –

1→ नीलामी संबंधी सूचनाएँ
2→ सरकारी पदों के रिक्त होने की सूचनाएँ
3→ व्यावसायिक संस्थानों द्वारा जारी सूचनाएँ
4→ सांस्कृतिक गतिविधियों, पिकनिक, यात्रा, मैच, समारोहों आदि से संबंधित सूचनाएँ।
5→ जन्म, मृत्यु, नाम परिवर्तन, खोया-पाया तथा अन्य सामाजिक समस्याओं संबंधी सूचनाएँ।

Scanned with CamScanner

2.

## सूचनाओं का प्रारूप

1. सूचना जारी करने वाली संस्था का नाम सबसे ऊपर मध्य (बीच) में।
2. इसके ठीक नीचे 'सूचना' शब्द का प्रयोग।
3. यदि किसी विशिष्ट वर्ग/व्यक्ति के लिए सूचना है, तो दायीं ओर कोष्ठक में उसका संकेत।
4. सूचना शब्द के नीचे अथवा सूचना शब्द के साथ सूचना के विषय का उल्लेख।
5. सूचना शब्द से ऊपर तथा संस्था/संगठन के नाम के नीचे बायीं ओर सूचना जारी होने वाली तिथि (दिनांक) का उल्लेख।
6. सूचना का कथ्य : संक्षेप में जो संप्रेषणीय हो।
7. अंत में बायीं ओर सूचना लेखक का नाम, पद एवं हस्ताक्षर।
8. भाषा औपचारिक होते हुए भी सरल एवं सुबोध हो, जिससे कि आम आदमी समझ सके।

## सूचना प्रारूप का नमूना

संस्था / संगठन का नाम

दिनांक : ...../...../.....

सूचना (लक्षित वर्ग)

विषय / शीर्षक : ..........

---------------------------------------------

---------------------------------------------

--------------------

(हस्ताक्षर)

..........

(नाम)

..........

(पद)

..........

Scanned with CamScanner

3

⇒ उदाहरण

प्रश्न ⇒ सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'स्वच्छ भारत' विषय पर विज्ञापन आमंत्रित किए जाने हेतु सूचना —

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली

दिनांक : 18 अप्रैल, 20xx

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 24 जून, 2020 से आरंभ होने वाले अभियान 'स्वच्छ भारत' पर विज्ञापन डिजायन करें। सर्वश्रेष्ठ विज्ञापन को मंत्रालय द्वारा 10,000 रु० का नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा। रंगीन विज्ञापन का आकार 25×33 से० मी० होगा। विज्ञापन पी० डी० एफ० प्रारूप में www.wdavp.nic.in पर उपलब्ध लिंक में अपलोड करें। प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल, 2020 है।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय
भारत सरकार

(साभार : अमर उजाला)

उपर्युक्त उदाहरण को समझकर दिए गये अभ्यास-कार्य को अपनी विषय कॉपी में पूर्ण कीजिए।

विद्या निकेतन, लखनऊ के साहित्य सचिव संजीव वर्मा की ओर से निर्धारित तिथि तक वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए नाम देने की सूचना तैयार कीजिए।

नीलामी - सूचना और किन्हीं तीन विषय पर सूचना तैयार कीजिए (अपनी इच्छानुसार)